प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
26.07.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

आज के मुख्य समाचार .................

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे।
- सरकार कल लोकसभा में सार्वजनिक परीक्षाएं –अनुचित साधन रोकथाम संशोधन विधेयक, 2026 करेगी पेश । ।
- कारगिल विजय दिवस पर आज देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले भारतीय सैनिकों को राष्ट्र कर रहा नमन।
- चंबा का 8 दिवसीय अर्न्तराष्ट्रीय मिजंर मेला आज से शुरू–राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता करेंगे मेले का विधिवत शुभारंभ।
- प्रदेश में मॉनसून की वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी– मौसम विभाग ने 28 जुलाई से मॉनसून के रफ्तार पकड़ने की जताई संभावना।

.......................................................................

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। मासिक रेडियो कार्यक्रम की ये एक सौ 36वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी व दूरदर्शन के सभी चैनलों, ए.आई.आर. न्यूज़ की वेबसाइट और न्यूज़ ऑन ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। इसके अलावा ए.आई.आर. न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

.......................................................................

संसद विधेयक

सरकार कल लोकसभा में सार्वजनिक परीक्षाएं –अनुचित साधन रोकथाम संशोधन विधेयक, 2026 पेश करेगी। यह विधेयक सदन के सोमवार के कामकाज सूची में शामिल है। इस विधेयक का उददेश्य सार्वजनिक परीक्षा–अनुचित साधन रोकथाम अधिनियम, 2024 में संशोधन करना है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह यह विधेयक पेश करेंगे। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पेपर लीक और परीक्षा में गड़बड़ी के मामलों में फास्ट–ट्रैक कोर्ट स्थापित करने और कदाचार पर कड़ी सज़ा सुनिश्चित करने संबंधी विधेयक के मसौदे को मंजूरी दी थी।

.......................................................................

जोशी–शिक्षा मंत्री

केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी को नया शिक्षा मंत्री बनाया गया है। उन्हें उनके मौजूदा विभागों के साथ–साथ शिक्षा मंत्रालय की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रल्हाद जोशी फिलहाल उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय का कार्यभार संभाल रहे हैं।

*प्रधानमंत्री जी ने विश्वास रख के इतना बड़ा जिम्मेदारी मेरे ऊपर दिया है उसको मैं पूरा विनम्रता के साथ और पूरा जिम्मेदारी के साथ में निभाऊंगा प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद*

.....................................................................

कारगिल–विजय दिवस

कारगिल विजय दिवस आज पूरे देश में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर 1999 के करगिल युद्ध में देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। यह दिन ऑपरेशन विजय की सफल और कारगिल युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की ऐतिहासिक विजय का प्रतीक है। इस अभियान के दौरान, भारतीय सशस्त्र बलों ने जम्मू और कश्मीर के कारगिल जिले में उन क्षेत्रों को वापस हासिल किया था, जिन पर पाकिस्तानी सैनिकों और आतंकवादियों ने घुसपैठ की थी। मुख्य कार्यक्रम लद्दाख के द्रास स्थित कारगिल युद्ध स्मारक में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि 1999 में कारगिल की दुर्गम चोटियों पर असाधारण साहस का प्रदर्शन करने वाले वीर सैनिकों के प्रति राष्ट्र सदा कृतज्ञ रहेगा।

.....................................................................

मिंजर मेला

चम्बा का अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला आज से शुरू हो रहा है। राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता इस 8 दिवसीय मेले का शुभारम्भ करेंगे। ऐतिहासिक लक्षमी नारायण मंदिर में मिर्जा परिवार की ओर तैयार मिंजर को राज्यपाल मंदिर में अर्पित करने के बाद शोभायात्रा भगवान रघुनाथ मंदिर पहुंचेगी और मेले का विधिवत शुभारंभ होगा। अतिरिक्त उपायुक्त अमित मेहरा ने बताया कि मेले के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक और खेल गतिविधियां आर्कषण का केंद्र रहेगी। इस बीच जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक जागरूकता व सहायता शिविर भी लगाया जाएगा।

वहीं पुलिस अधीक्षक विजय सकलानी ने बताया कि मेले को शांतिपूर्ण व सुरक्षित ढंग से सफल बनाने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

.....................................................................

प्रधानमंत्री – वाइब्रेंट विलेज

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम साढ़े चार बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित कार्यक्रम–2026 के प्रतिभागियों से संवाद करेंगे। इस दौरान देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व कर रहे 400 से अधिक युवा प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करेंगे। विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम–2026का आयोजन पिछले महीने 4 से 30 जून तक दो चरणों में किया गया। इसके तहत लद्दाख,

हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के 74 वाइब्रेंट गांवों को शामिल किया गया। कार्यक्रम के लिए प्रतिभागियों का चयन देशव्यापी ऑनलाइन क्विज़ प्रतियोगिता के माध्यम से किया गया, जिसमें तीन लाख से अधिक युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने स्थानीय समुदायों के साथ रहकर स्वच्छता अभियान, सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता अभियान, युवा सम्मेलन, सांस्कृतिक आदान–प्रदान, वृक्षारोपण, मिनी मॉडल पंचायत जैसी गतिविधियों में भाग लिया। उन्होंने स्थानीय कारीगरों से संवाद किया और सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण संस्थानों का भी दौरा किया।

.......................................................................

मैराथन

लाहौल स्पिति जिले में स्पीति मैराथन–2026 का आयोजन 28 व 30 अगस्त को किया जाएगा जिसमें देश व विदेश के धावक हिमालय की चुनौतीपूर्ण वादियों में अपनी प्रतिभा और साहस का प्रदर्शन करेंगे। भारतीय सेना की पहल से आयोजित यह प्रतियोगिता खेल के साथ –साथ स्पीति की प्राकृतिक सुंदरता , साहसिक पर्यटन और हिमालयी संस्कृति को दुनिया के सामने प्रस्तुत करने का एक अवसर भी है। अधिक व्यौरे के साथ हमारे लाहौल–स्पिति जिला संवाददाता......

*मैराथन की शुरुआत 28 अगस्त को 77 किलोमीटर के कुंजुम चौलेंज से होगी। इसके बाद 30 अगस्त को 42.195 किलोमीटर फुल मैराथन, 21.1 किलोमीटर हाफ मैराथन और 10 किलोमीटर रन आयोजित की जाएगी। विजेताओं के लिए विभिन्न श्रेणियों में लाखों रुपये की पुरस्कार राशि भी निर्धारित की गई है। पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और आयोजकों ने अधिक से अधिक प्रतिभागियों से इस अनूठे आयोजन का हिस्सा बनने का आह्वान किया है।*

.......................................................................

रोष रैली

हिमाचल प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ आज शिमला के चौड़ा मैदान में विरोध रैली करेगा। प्राथमिक शिक्षक संघ की कल सचिवालय में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के साथ हुई बैठक असफल होने पर संघ ने यह निर्णय लिया है। शिक्षक संघ ने सरकार की ओर से न्यू कॉलेक्स सिस्टम में संशोधन के कमेटी गठित करने के प्रस्ताव को अस्वीकार करते हुए अधिसूचना को पूरी तरह से वापिस लेने की मांग दौहराई। संघ ने रैली के बाद मांगे न माने जाने तक स्कूल शिक्षा निदेशालय परिसर में क्रमिक अनशन शुरू करने का भी निर्णय लिया है।

.......................................................................

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में मॉनसून सक्रिय बना हुआ है। इसके प्रभाव से वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के चार जिलों, कांगड़ा, शिमला, मंडी और सिरमौर में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। राज्य आपदा परिचालन केंद्र के अनुसार प्रदेश में अब तक एक सौ 34 सड़कें यातायात के लिए बंद है, वहीं 78 ट्रांसफार्मर और 35 पेयजल योजनाएं बाधित हैं। इधर

विभाग ने 28 से 30 जुलाई तक मॉनसून के फिर से रफ्तार पकड़ने की संभावना जताई है। जिसके तहत प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

.....................................................................

अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला ने हाईकोर्ट के हवाले से सुर्खी दी है–हिमाचल में बीएड काउंसलिंग पर रोक से इन्कार।

हिमाचल दस्तक लिखता है–सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू के आह्वान पर रानीतिक दलों ने निकाला कैंडल जुलूस।

पंजाब केसरी ने सुर्खी दी है–जल शक्ति विभाग में इस वित्त वर्ष चार हजार पद भरे जाएंगे।

दैनिक जागरण की सुर्खी है–इंस्पेक्टर मनाते रहे मौज, टिकट काट खुद निरीक्षण करते रहे परिचालक।

दिव्य हिमाचल के शब्द हैं–चंबा में आज से सजेगा अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला।

मौसम पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है–मंडी–धर्मपुर हाइवे समेत एक सौ 34 सड़कें अब भी ठप्प, 28 तक बारिश के आसार।

.....................................................................

'अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे।
- सरकार कल लोकसभा में सार्वजनिक परीक्षाएं –अनुचित साधन रोकथाम संशोधन विधेयक, 2026 करेगी पेश । ।
- कारगिल विजय दिवस पर आज देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले भारतीय सैनिकों को राष्ट्र कर रहा नमन।
- चंबा का 8 दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मिजंर मेला आज से शुरू–राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता करेंगे मेले का विधिवत शुभारंभ।
- प्रदेश में मॉनसून की वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी– मौसम विभाग ने 28 जुलाई से मॉनसून के रफ्तार पकड़ने की जताई संभावना।

.....................................................................